# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 02 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम ने आज जिला कांग्रेस कमेटी सीकर एवं झुन्झुनूं में प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक लेकर प्रदेश में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान की समीक्षा की।

उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि पहली बार कांग्रेस का सदस्यता अभियान पुस्तिका भरने के साथ ही डिजिटल माध्यम से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् हर विधानसभा क्षेत्र में 7 चीफ एनरोलर के साथ दो पीओसी बनाये गये हैं जिन्हें हर बूथ में दो एनरोलर जोड़ने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि चूंकि सदस्यता अभियान को विस्तारित करना है एवं अधिक से अधिक संख्या में डिजिटल माध्यम से सदस्य जुड़ सकें इसलिये तय किया गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में चीफ एनरोलर एवं बूथ एनरोलर की संख्या बढ़ाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जो भी वरिष्ठ नेतागण अथवा कांग्रेस कार्यकर्ता एनरोलर बनना चाहते हैं वे अपनी वोटर आईडी एवं मोबाईल नं. प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भिजवायें जिससे एआईसीसी से एनरोलर नियुक्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाकर डिजिटल सदस्यता अभियान का एक्सेस प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभी तक के अभियान में ढाई हजार से अधिक चीफ एनरोलर और दस हजार से अधिक बूथ एनरोलर बन चुके हैं तथा डिजिटल सदस्यता अभियान के लिये एक ढांचा तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस से जोड़ा जाकर निर्धारित संख्या से अधिक सदस्य कांग्रेस के बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत् कांग्रेस से जुड़े सदस्यों तक केन्द्र सरकार की विफलतायें एवं राजस्थान सरकार द्वारा किये जा रहे लोककल्याणकारी कार्यों की सूचना डिजिटल माध्यम से आसानी से पहुँचाई जा सकती है।

श्री डोटासरा ने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् प्राप्त डाटा के द्वारा श्री राहुल गाँधी एवं श्रीमती सोनिया गाँधी के संदेश को गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी तक आसानी से

**2..........**

Created by Universal Document Converter

पहुॅचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा की केन्द्र सरकार हिटलरशाही के तहत् शासन कर रही है तथा लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है, ईडी, आईटी, ज्यूडिशीयरी दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता श्री मोदी द्वार किये गये झूठे वादों में उलझ गई थी, किन्तु अब भाजपा का कोई नेता किसानों की आमदनी दुगुनी करने, रोजगार और मंहगाई पर बात नहीं करता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कुप्रंबधन के कारण कोरोना महामारी में लाखों लोगों की जान चली गई तथा मोदी सरकार अपने मनमाने फैसले जनता पर थोपती रही। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है जिसे जनता के बीच ले जाकर केन्द्र सरकार की विफलताओं को उजागर करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनायें लागू की हैं जिनमें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, कर्मचारियों के लिये ऑल्ड पेंशन स्कीम तथा कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने जैसे फैसले लिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अंतिम में पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक पहुॅच सके इसके लिये कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्य करना है।

इस अवसर पर श्री संजय निरूपम ने कहा कि देश में डिजिटल सदस्यता अभियान चलाने वाली कांग्रेस देश की पहली पार्टी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान एक क्रांतिकारी कदम है जिसके तहत् आने वाले समय में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता चुनावों सहित अनेक अभियानों में डिजिटल डाटा के माध्यम से जनता से जुड़कर सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाॅंधी ने देश में कम्प्यूटर एवं टेलीफोन क्रांति प्रारम्भ की थी। उन्होंने कहा कि स्व. श्री राजीव गाॅंधी का सपना था कि 21वीं सदी में भारत दुनिया के साथ कदम से कदम से मिलाकर विकास के पथ चले जिस कारण स्व. श्री राजीव गाॅंधी ने देश में कम्प्यूटराईजेशन करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि आज देश का हर विभाग एवं कार्यालय कम्प्यूटर के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के अनुसार कांग्रेस पार्टी ने अपना सदस्यता अभियान डिजिटल माध्यम से करने का फैसला लिया है क्योंकि आज हर व्यक्ति के पास मोबाईल होता है जिसके तहत् वह व्यक्ति ना सिर्फ लोगों से सम्पर्क साधता है बल्कि देश-दुनिया की सूचनाओं को भी प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् कांग्रेस द्वारा बनाये गये ऐप से अधिकाधिक

3..........

Created by Universal Document Converter

लोगों को जोड़ा जायेगा जिससे एक नई डिजिटल क्रांति की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि जितना अधिक डाटा प्राप्त होगा, उतना ही प्रचार-प्रसार करने में सुविधा प्राप्त होगी।

श्री निरूपम ने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी द्वारा लागू की गई एक महत्वकांक्षी योजना है, इसकी सफलता सुनिश्चित करना हम सब कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डिजिटल माध्यम ही राजनीति की नींव बनेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान से अधिकाधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने हेतु निर्णय लिया गया है कि हर दस बूथ पर एक चीफ एनरोलर नियुक्त किया जायेगा तथा उसके पश्चात् 20 एनरोलर इनके निर्देशों पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सम्भवत: इसी माह एक दिन प्रदेश के सभी नेतागण एक साथ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में स्वयं डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् लोगों को कांग्रेस का सदस्य बनाने हेतु मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् प्राप्त डाटा के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने का होगा, जो इस अभियान के तहत् अधिक से अधिक लोगों के मध्य जायेगा उसकी भविष्य की राजनीति की नींव उतनी ही मजबूत होगी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि इन बैठकों में एपीआरओ श्री अमित कुमार टुन्ना, श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारीगण, पार्टी के सांसद प्रत्याशीगण, विधायकगण/विधायक प्रत्याशीगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारीगण, डिजिटल सदस्यता अभियान हेतु पार्टी द्वारा नियुक्त चीफ एनरोलर, पीओसी एवं बूथ एनरोलर सहित प्रमुख कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter